तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 16.2 डिग्री

खुटेरा स्कूल में संयुक्त रूप में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E., PGDCA, DCA, BCA, PG Diploma in Yoga Edu. AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष महाविद्यालय
बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 99261-62830

# निर्माण कार्यों में देरी करने वालों पर करें सख्त कार्रवाई:कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ पंचायत विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक

जिले में संचालित पंचायत विभाग के कार्यों की समीक्षा हेतु मंगलवार को कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों को पूरा करने में हो रही देरी पर संज्ञान लेते हुए ऐसे कार्य जिनमें ठेकेदारों को कार्य स्वीकृति के उपरांत भी कार्य नहीं किया जा रहा है उनपर सख्त कार्रवाई करते हुए उनके स्वीकृति निरस्त कर अन्य ठेकेदार को प्रदान करके कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को विशेष ध्यान देने को कहा। कलेक्टर ने तहसील जशपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत गम्हरिया को मॉडल ग्राम के तहत विकसित करने के लिए बनाई गई कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की। इसके तहत गांव में सेग्रिगेशन शेड, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, यूजर चार्ज कलेक्शन, कचरा कलेक्शन हेतु ई-रिक्शा, प्लास्टिक बैंक, दीवार लेखन, फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट, ग्रे वाटर प्रबंधन, वेस्ट पार्क निर्माण, पौधारोपण, स्वच्छता कार्यों आदि के प्रबंधन, संचालन एवं निर्माण योजना पर चर्चा की गई। इसमें कलेक्टर ने यहां स्थित ढाबों के आस पास सड़क किनारे प्लास्टिक कचरों से होने वाली गंदगी के प्रबंधन हेतु ढाबों को हिदायत देने तथा उसके पश्चात भी गंदगी किये जाने पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वच्छता कार्यों के संलग्न स्वच्छाग्रहियों के लिए श्रम कार्ड निर्माण, आयुष्मान कार्ड निर्माण सहित अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रामों में लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने के लिए सामूहिक श्रमदान का नियमित आयोजन हेतु कलेंडर निर्माण कर श्रमदान करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वसहायता समूहों को ऋण वितरण को तीव्र करने के लिए हर चार माह में बैंक मेला एवं ऋण मेला आयोजित कर समूहों को लाभान्वित करने को कहा। जिसके साथ ही इस माह हर विकासखण्ड में समूहों को ऋण वितरण के लिए आयोजित किये जा रहे ऋण मेले में सभी जनपद सीईओ को सक्रिय रूप से भागीदारिता निभाते हुए ऋण वितरण कराने के निर्देश दिए। इसके तहत 09 जुलाई को फरसाबहार एवं 10 जुलाई को कुनकुरी में मेले का आयोजन किया जाएगा।



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

## कलेक्टर व एसएसपी ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

■ रोड ब्लॉक होने पर करें त्वरित कार्रवाई

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन मंगलवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर रोहित व्यास एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह की अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर ने सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए जिले में यातायात संबंधी व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने वाहन चालन में सुरक्षा के मानकों को पालन कराने के लिए परिवहन विभाग को परिवहन जागरूकता शिविर आयोजित करने के साथ अच्छी तरह ड्राइविंग परीक्षा लेने के उपरांत ही ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में ओवरलोड ट्रकों, बिना लाइसेंस गाड़ी चलाने वालों, सीट बेल्ट ना लगाने वालों पर कार्रवाई तीव्र करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने ट्रैक्टर चालकों को बिना लाइसेंस चालन ना करने देने के निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे वाहन जिनमें रिफ्रेक्टिव पैनल या रेडियम ना लगे हों उन पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाते हुए रिफ्लेक्टिव स्टिकर लगाने के निर्देश दिए। बांस, रॉड या ऐसी कोई भी समाग्री जो गाड़ी के बाहर निकली हुई हो उस पर संकेतक लगाकर ही वाहन चलाने को कहा। कलेक्टर ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए जिले के सभी दुर्घटना संभाव्य क्षेत्रों की स्थिति पर चर्चा करते हुए दुर्घटनाओं के कारणों का विश्लेषण कर सुधार करने के निर्देश दिए गए। इसके लिए उन्होंने दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा हेतु रोड साइन बोर्ड, रम्बल स्ट्रीप, स्टॉपर, क्रेस बैरियर, लाइटिंग, रेडियम स्ट्रीप, बस स्टॉप लाइन, सोलर ट्रैफिक बिलंकर, ब्लैक स्पॉट बोर्ड, स्पीड लिमिट बोर्ड आदि लगाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त नगरीय क्षेत्रों में ओवरस्पीडिंग के कारण हादसों की संभावना को रोकने के लिए जगह चिन्हांकित कर स्पीड ब्रेकर या रम्बल स्ट्रिप स्थापित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण सड़कों के कटाव, रोड ब्लॉक, जलभराव, पॉटहोल आदि की आपात स्थिति होने पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। उन्होंने राहवीर योजनांतर्गत स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण की भी जानकारी ली। इस अवसर पर एएसपी अनिल सोनी, एसडीएम ऋतुराज बिसेन, नंदजी पांडे सहित स्वास्थ्य विभाग, आबकारी विभाग, पुलिस विभाग, यातायात विभाग, राजस्व विभाग, परिवहन विभाग के अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### एक पेड़ मां के नाम के पर पौधरोपण



**जशपुरनगर।** एक पेड़ मां के नाम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आस्ता, शासकीय हाई स्कूल बहेराना में विकासखंड स्तरीय पौधा रोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष हैप्पी कमल कुजूर, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोरा जगतपाल राम, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आस्ता के प्राचार्य सुश्री अलमा कुजूर, शासकीय हाई स्कूल बहेरना के प्राचार्य शशि कपूर टोप्पो, भारत स्काउट गाइड प्रभारी सुश्री प्रियांशी कुजूर, संकुल समन्वयक आस्ता बीरबल राम, विद्यालय के समस्त स्टाफ, विद्यालय के सभी स्काउट्स, गाइड्स विद्यार्थी सम्मिलित हुए इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष महोदय के द्वारा पेड़ों की महत्व देश के हित में कार्य करने हेतु बच्चों को प्रेरित किये एवं पेड़ों की महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किये साथ ही बच्चों को भविष्य की शुभकामनाएं दिए।अंत में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा पौधो की सुरक्षा पर बच्चों को विशेष ध्यान देने की बात कही गई।

### दिव्यांग नारायण को मिली ट्राईसायकल



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में मंगलवार को दिव्यांग नारायण सिंह को ट्राईसायकल प्रदान किया गया। ट्राईसायकल पाकर उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें एक नया सहारा मिल गया है। गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले बासबहार निवासी नारायण सिंह अपने पैरों से चलने-फिरने में असमर्थ थे। इससे उन्हें समान्य दिनचर्या में भी काफी कठिनाईयों को सामना करना पड़ता था। उन्होंने अपनी परेशानियों का जिक्र करते हुए सीएम कैम्प कार्यालय में आवेदन दिया। मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में नारायण सिंह को ट्राइसाइकिल प्रदान किया गया। ट्राइसाइकिल पाकर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और सीएम कैंप कार्यालय का आभार व्यक्त किया है।

### जिला पंचायत सदस्यों का 3 दिवसीय प्रशिक्षण 14 से

**जशपुरनगर।** निर्वाचित हुए जिला पंचायत के सदस्यों का 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय ग्राम सुराज अभियान के अंतर्गत 14 जुलाई से 16 जुलाई तक सुबह 10 बजे से आवासीय आधारभूत प्रशिक्षण का आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया जाना है। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। आशीष तिवारी संकाय सदस्य नवनिर्वाचित सदस्यों को प्रशिक्षण देंगे।

### जनहानि पर 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के प्रकरण में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत एक प्रकरणों हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

## सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर की सूचना से आरोपी पहुंचा सलाखों के पीछे

# मोबाइल लूटकर भागा युवक, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के थाना क्षेत्र कुनकुरी अंतर्गत एक युवती से मोबाइल लूटकर भागने वाले आरोपी को पुलिस ने मात्र तीन दिन में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी की पहचान सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर की गई। पुलिस ने आरोपी को गांव से धरदबोचा।

मिली जानकारी के अनुसार घटना 5 जुलाई की शाम लगभग 7.20 बजे की है। 21 वर्षीय पीड़िता, जो कुनकुरी के होलीक्रॉस हॉस्पिटल में नर्सिंग ड्यूटी करती है, ड्यूटी के बाद हॉस्टल लौट रही थी। इसी दौरान चर्च गेट के पास एक अज्ञात युवक मोटरसाइकिल पर आया और मोबाइल छीनने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुआ। पीड़िता जैसे-तैसे हॉस्टल गेट तक पहुंची ही थी कि आरोपी फिर लौटा और मोबाइल छीनकर फरार हो गया।घटना से घबराई पीड़िता ने तत्काल हॉस्टल स्टाफ को इसकी जानकारी दी और थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। युवती ने यह भी बताया कि वह आरोपी को देखकर पहचान सकती है।



पुलिस गिरफ्त में लूट का आरोपी।

### पुलिस अधीक्षक ने की जनसहयोग की अपील

एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि महिलाओं से संबंधित अपराधों को लेकर पुलिस पूरी तरह संवेदनशील है। ऐसे अपराधियों के खिलाफ त्वरित और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सीसीटीवी से मिला सुराग

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कुनकुरी थाने में बीएनएस की धारा 74, 309 (4) व 218 के तहत अपराध दर्ज कर लिया। हॉस्टल में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की तस्वीर निकाली गई और पुलिस मुखबिरों के बीच सर्कुलेट की गई। जल्द ही सूचना मिली कि युवक ग्राम ढोढीडांड, ढोयाटोली निवासी आशीष विश्वकर्मा 27 वर्ष है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश यादव के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया।

### पीड़िता ने की पहचान

पुलिस ने कार्यपालिक दंडाधिकारी की उपस्थिति में आरोपी की शिनाख्त कराई, जिसमें पीड़िता ने उसे पहचान लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। उसके विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राकेश यादव, एएसआई मनोज साहू, ईश्वर वारले, आरक्षक नंदू यादव और जितेंद्र गुप्ता की भूमिका रही।

# बालक आश्रम में सांप के डसने से छात्र की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के बगिया शासकीय बालक आश्रम में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। कक्षा छठवीं में अध्ययनरत एक 11 वर्षीय छात्र की सर्पदंश के कारण मौत हो गई।

मृत छात्र की पहचान अमृत साय, निवासी ग्राम झारमुंडा के रूप में हुई है, जो आश्रम में रहकर ⏭ शेष पेज 4 पर



■ सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

### सोते समय सांप ने डसा

मिली जानकारी के अनुसार, अमृत साय रोज की तरह सोमवार रात अपने सहपाठियों के साथ भोजन कर आश्रम के बिस्तर पर सो गया था। तड़के करीब रात 3 बजे वह दर्द और बेचैनी के साथ उठा और बताया कि उसे किसी जहरीले सांप ने डस लिया है। उसने तुरंत आश्रम अधीक्षक को इस बात की सूचना दी।

### नहीं बचाई जा सकी छात्र की जान

अधीक्षक ने तत्परता दिखाते हुए अमृत को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर भर्ती कराया। वहां उसे प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन सुबह करीब 4 बजे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। चिकित्सकों के अनुसार, सांप का जहर अत्यधिक विषैला था और छात्र की स्थिति बेहद गंभीर हो गई थी।

# व्यापारी संघ ने हाई स्पीड वाहनों पर रोक लगाने एसएसपी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में व्यापारी संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह से मुलाकात कर हाई स्पीड वाहनों पर रोक लगाने, दुर्घटनाओं से बचाने के लिए शहर की सड़कों पर स्पीड ब्रेकर लगवाने,चौक चौराहों में सीसीटीवी लगवाने, जिन गलियों में लाइट नहीं है, वहां स्ट्रीट लाइट लगाने के संबंध में मांग की।



एसएसपी से भेंट करते व्यापारी संघ।

### कलेक्टर से चर्चा कर प्लानिंग की जाएगी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कलेक्टर के साथ मीटिंग कर उन बिंदुओं को रखा जाएगा व प्लान बनाई जाएगी।

### एसएसपी ने व्यापारियों से की अपील

एसएसपी ने व्यापारी संघ से अपील की है कि, आप सभी लोग अपने दुकान व मकान के सामने सीसीटीव्ही लगाएं जब भी कोई वारदात होता है तो सीसीटीव्ही की मदद से आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिलती है।

## जिले में अब तक 4177.9 मिमी वर्षा



**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 4177.4 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 08 जुलाई तक की स्थिति में 2626.9 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 75.8 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 444.9 मिमी, मनोरा में 548.1 मिमी, कुनकुरी में 591.3 मिमी, दुलदुला में 275.4 मिमी, फरसाबहार में 362.1 मिमी, बगीचा में 440.8 मिमी, कांसाबेल में 420.5 मिमी, पत्थलगांव में 344.3 मिमी, सन्ना में 478.7 मिमी एवं बागबहार में 271.9 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

# जीर्ण-शीर्ण नक्शों का नवीनीकरण करने का आदेश

■ नक्शा नवीनीकरण का रोस्टर

**जशपुरनगर।** नक्शा नवीनीकरण का रोस्टर कार्यक्रम वर्ष 2025 तथा छत्तीसगढ़ भू-अभिलेख नियमावली अनुसार पटवारी के चालू नक्शे के नवीनीकरण की व्यवस्था जिला मुख्यालय में प्रतिवर्ष वर्षाकाल में 15 जुलाई से 30 सितम्बर तक अधीक्षक भू-अभिलेख की प्रत्यक्ष देखरेख में सम्पादित किये जाने का प्रावधान है। कलेक्टर रोहित व्यास ने पटवारियों के जीर्ण-शीर्ण हालत के चालू नक्शों का सामयिक नक्शा नवीनीकरण का कार्य वर्गाकार पत्रों में किए जाने हेतु नक्शा नवीनीकण का रोस्टर कार्यक्रम वर्ष 2025 निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार कार्यालय कलेक्टर, भू-अभिलेख शाखा में 15 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक नक्शा नवीनीकरण कार्य प्रारंभ करने तथा सम्पन्न कर वापस जाने हेतु तिथि का निर्धारण किया गया है। इस अवधि में राजस्व निरीक्षण मण्डल मनोरा, आस्ता, जशपुर, लोदाम, आरा, कुनकुरी, नारायणपुर, गोरिया, दुलदुला, सिमड़ा, फरसाबहार, तपकरा, कोल्हेनझरिया, बगीचा, बिमड़ा, कुरोंग, सरबकोम्बो, सन्ना, पण्डरापाठ, कांसाबेल, दोकड़ा, पत्थलगांव, केराकछार, तमता, लुड़ेग, बागबहार और कोतबा शामिल हैं। नियत अवधि के पूर्व ही में संबंधित राजस्व निरीक्षक अभिलेख कोष्ठ जशपुर से नक्शा शीट प्राप्त करके संबंधित पटवारी को प्रदाय करेंगें। संबंधित पटवारीगण नक्शानवीनीकरण कक्ष में उपस्थित रहकर नक्शानवीनीकरण का कार्य समयावधि में पूर्ण करेंगें तथा नक्शानवीनीकरण का रोस्टर कार्यक्रम वर्ष 2025 प्रपत्र-01 में एवं मासिक प्रगति हेतु प्रपत्र- 02 में जानकारी, तहसीलदार व राजस्व निरीक्षक (नियमित) द्वारा समय पर भिजवाई जाएगी। कलेक्टोरेट (भू-अभिलेख शाखा) द्वारा प्रत्येक माह की मासिक प्रगति अगले माह की 10 तारीख तक, संचालक, कार्यालय आयुक्त, भू-अभिलेख छत्तीसगढ़, नया रायपुर की ओर भेजी जाना विहित है। जिला कार्यालय के मानचित्रकार गण व अनुरेखक गण एवं सम्बन्धित राजस्व निरीक्षक (नियमित) नक्शानवीनीकरण का लेखा-जोखा रखेंगे। पटवारी के चालू नक्शे में लाल स्याही से किए हुए समस्त अधिकृत बटांकन को नक्शानवीनीकरण किए गए नया नक्शा में काली स्याही से अंकित किया जावेगा। ग्राम का नक्शानवीनीकरण कार्य पूर्ण हो जाने पर नए नक्शा में सम्बन्धित पटवारी, मानचित्रकार गण व अनुरेखक गण, राजस्व निरीक्षक (नियमित) एवं अधीक्षक भू-अभिलेख (नियमित) के दिनांक सहित हस्ताक्षर होने के उपरान्त, मानचित्रकार गण व अनुरेखक गण द्वारा नक्शा वितरण पंजी में दर्ज करके, प्राप्ति अभिस्वीकृति लेने के बाद ही सम्बन्धितों को नया नक्शा प्रदाय किया जावे। रोस्टर कार्यक्रम हेतु जिला के सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख (नियमित) को पर्यवेक्षण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## सावन माह में आवागमन बाधित होने की आशंका, आते हैं हजारों श्रद्धालु, हादसे की आशंका

# सतीघाट स्टॉप डेम जीर्णोद्धार कार्य के लिए खोदी नहर, सीसीरोड हुई क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

धर्मनगरी कोतबा का आस्था का केन्द्र कहे जाने वाले सतिघाट शिव धाम पहुंच मार्ग बुरी तरह छतिग्रस्त हो गया है। सतिघाट स्टॉप डेम जीर्णोद्धार कार्य जलसंसाधन विभाग द्वारा करवाया जा रहा है।

जिसमे पक्की नहर का भी निर्माण कार्य किया जाना है। जिसके लिए खोदाई की गई थी।खोदाई के दौरान बड़ी भारी वाहनों के चलने से पहुंच मार्ग सीसी रोड बुरी तरह छतिग्रस्त हो गया है। स्थिति यह है कि छोटी कार भी वहां से नहर की ओर रोड टूट कर गिरने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। जिसपर नगर पंचायत अध्यक्ष पार्षद सहित नगरवासी लामबंद हो गए है जल्द सुधार कार्य नही करने पर धरना प्रदर्शन की बात कही जा रही है। विदित हो कि सतिघाट धाम पर नगर की मध्य बहने वाली भैवनी नदी के तट पर प्रकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण सतीघाट धाम मे वर्षो से टूटे पड़े स्टॉप डेम का जीर्णोद्धार 1.61 करोड़ की लागत से जलसंसाधन विभाग द्वारा करवाया जा रहा है।यहाँ स्टॉप डेम के जीर्णोद्धार के साथ साथ पक्की नहर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। नदी किनारे गार्डवाल, तटबंध, गार्डनिंग, वृक्षारोपण, सौंदर्यीकरण सहित अन्य कार्य भीं किए जा रहे है। जिसका कार्य बरसात के दौरान भी निर्माणाधीन है। नहर की खुदाई में बड़ी चैन माउण्ट पोकलेन मशीन हाइवा सहित भारी वाहनों का प्रयोग किया गया। बरसात अधिक होने से निर्माण कार्य बन्द कर दिया। पानी का बहाव नहर में चालू है जिससे सड़क बुरी तरह छतिग्रस्त हो गया है। जिसे लेकर नगरवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। नगर पंचायत कोतबा के अध्यक्ष हितेंद्र सिंह ने बताया कि जलसंसाधन विभाग द्वारा यहाँ क्या निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। उसकी क्या रुपरेखा है। इससे वे अनभिज्ञ है। उन्होंने जलसंसाधन विभाग के एसडीओ पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा फोन कर निर्माण कार्य की कार्य योजना संबंध में बात करने पर दो दिनों में आ कर अवगत कराने की बात करते है लेकिन मौके पर कोई नही आते है।न ही निर्माण स्थल पर कोई सूचना बोर्ड लगा है। विभाग के अधिकारि मनमानी रवैए से बेतरतीब निर्माण कार्य करवा रहे है जहाँ पा रहे है वही गढ्ढे खोद दे रहे है। नगर पंचायत के बुनियादी सड़को को भी छतिग्रस्त कर दिए है जिससे कभी भी बड़े हादसे हो सकते है।विभाग के मनमानी रवैया से हम त्रस्त है।वही पार्षद सुमित कुमार शर्मा ने बताया कि जलसंसाधन विभाग के द्वारा नहर की खुदाई करवाने से नगर पंचायत का सीसी रोड धस गया है।जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।सामने सावन का महीना है सतिघाट धाम हिन्दुओ की आस्था का केन्द्र है।यहाँ सोमवार को 5 से 10 हजार भक्तो का आना होता है। जिसे मद्देनजर रखते हुए तत्काल निर्माण कार्य करवा कर सड़क सुधार नही होता है तो हम सब्बि नगरवासी धरने पर बैठेंगे जब तक कार्य नही होगा तब तक प्रदर्शन किया जाएगा।वही पार्षद सुदर्शन पटेल ने बताया कि सतिघाट धाम आने का ये मुख्य मार्ग है इसी मार्ग के नगर का भालुखार मोहल्ला का आवागमन होता है। सावन में बच्चो सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना होता है इस सड़क में इतने गड्ढे हो गए है कि कभी भी गाड़िया नहर में पलट सकती है। विभाग व निर्माण एजेंसी इसे अनदेखा कर रही हैं। वही सतिघाट शिव मंदिर के पुजारी धीरज शर्मा ने बताया कि 3 दिनों में सावन का महीना चालू होने वाला है यहाँ अनेक कार्यक्रम हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित किए जायेंगे जिसमे दूर दराज से हजारों भक्तो का आवागमन होता है। मुख्य मार्ग के समीप विकास कार्य किया जा रहा है। जिससे सड़क जर्जर हालत में है।



क्षतिग्रस्त सड़क।

### मुझे जानकारी मिली है

मुझे सकड़ के किराने मिट्टी कटाव होने से सड़क छतिग्रस्त होने की सूचना मिली है जिसे उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। साथ ही निर्माण एजेंसी को तत्काल सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं सावन से पहले ही आवश्यक सुधार कार्य किए जायेंगे।

-नरेन्द्र कुमार सिन्हा एसडीओ जलसंसाधन विभाग

**खबर संक्षेप**

### बारिश से जलमग्न फिल्टर प्लांट से पेयजल सप्लाई हुई बहाल

**बिश्रामपुर।** शनिवार शाम से लगातार हो रही तेज बारिश की वजह से रेड़ व घुनघुट्टा नदी पूरी तरह उफान पर आ गई। रेड़ नदी के उफान पर आने के बाद ग्राम गोरखनाथपुर स्थित एसईसीएल के फिल्टर प्लांट में लगे हैवी मोटर और स्विच को डुबने से बचाने के लिए चैन पुली में बांध कर उन्हें ऊँचे लेवल में रखा गया था,जिस कारण एसईसीएल कॉलोनी के करीब 2200 से अधिक कम्पनी आवासों में पेयजल आपूर्ति ठप्प हो गई।फिल्टर प्लांट प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि नदी का जल स्तर कम होने के बाद मोटर को पूर्व के स्थान रखने के बाद सोमवार से पुनः कालोनियों में पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी गई है। बताया गया कि सोमवार को बारिश थमने के बाद जब रेड़ नदी के पानी का जल स्तर फिल्टर प्लांट के खतरे के निशान से नीचे पहुंचा, इसके बाद सुबह 9 बजे से पानी सप्लाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### घुनघुट्टा डैम का गेट खोलते ही अमेरा खदान के फेस में घुसा पानी

**बिश्रामपुर।** शनिवार को पूरे दिन के बाद पूरी रात हुई बारिश और फिर रविवार को हुई तेज बारिश के बाद क्षेत्र के नदी नाले उफान पर हैं।अंबिकापुर जिला प्रशासन ने एहतियात बरतते हुए घुनघुट्टा बांध के पांच गेट को खोल दिया है जिसके बाद रेड़ और घुनघुट्टा में बाढ़ सदृश्य स्थिति निर्मित हो गई।डैम का पानी खुलते ही अमेरा खदान में जल प्रलय की स्थिति निर्मित हो गई और देखते ही देखते अमेरा खदान पूरी तरह पानी में डूब गया।घटना की जानकारी जैसे ही एसईसीएल प्रबंधन को मिली जिसके बाद सरगुजा जिला प्रशासन से संपर्क कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया और बांध के शेष गेट को नहीं खोलने का निवेदन किया गया।बताया गया कि जैसे ही बांध का गेट खोला गया इसका सीधा असर खदान में देखने को मिला और बांध का पानी देखते ही देखते खदान में घुसने लगा।खदान में रात्रि पाली में काम करने वाले खदान में एकाएक घुस रहे तेज बहाव पानी को देख अचानक कुछ समझ नहीं पाए बाद में मामले की जानकारी क्षेत्रीय प्रबंधन को दी गई।क्षेत्रीय प्रबंधन के अधिकारियों ने खदान का जायजा लिया है,खबर है कि अभी जून माह में खदान में मानसून प्रिपरेशन का कार्य प्रबंधन ने कराया था सो पूरी तरह से सबकुछ बर्बाद जैसी हालत निर्मित हो गई है।खदान के फेस में बड़ी मात्रा में जलभराव ने प्रबंधन के समक्ष नई चुनौती खड़ी कर दी है, बिश्रामपुर क्षेत्र की हालत दिनो दिन पुनः बिगड़ती जा रही है,आमगांव ,अमेरा खुली खदान में अधिग्रहित भूमि का आधिपत्य मिलने में आ रही अड़चनों का निपटारा अगर समय रहते प्रबंधन ने नहीं किया तो फिर क्षेत्र में कोल उत्पादन के संकट की स्थिति निर्मित हो जाएगी।

### बारिश के बीच देर रात कोयलांचल में निकाला गया मोहर्रम का मातमी जुलूस



**बिश्रामपुर।** कोयलांचल समेत आसपास इलाके में मुस्लिम समाज द्वारा रविवार को मोहर्रम का मातमी पर्व सादगीपूर्ण तरीके से मनाया गया। यहां पर ताजिए व अलमदार द्वारा अपने अपने चौक पर मोहर्रम के दिन फातेहा खानी व लंगरखानी की प्रक्रिया पूरी कराई गई। इसके दसवीं मोहर्रम का मातमी जुलूस भारी बारिश के बीच देर रात निकाला गया। इसके बाद जुलूस राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर मुख्य मार्केट में घुमाकर वापस अपने -अपने करबला में पहुंचे और देर रात विधिवत समापन किया गया।ज्ञात हो कि मुस्लिम समाज द्वारा इमाम हसन-हुसैन की शहादत की याद में मातमी पर्व मोहर्रम पिछले दस दिनों से मनाया जा रहा था।मोहर्रम को लेकर पुलिस व्यवस्था भी चाक चौबंद रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में सदर सलीम खान, सेक्रेटरी एजाज अहमद, जलालुद्दीन, उस्मानिया नौजवान कमेटी से जुल्फी, शानू, इमरान, शाहबाज, अयान कुरैशी, अमीन खान, रेहान खान, अनस फिरदौस, शाहिद कुरैशी के अलावा सतपता व जयनगर कमेटी के लोग बड़ी संख्या में जुलूस में शामिल रहे। इसी तरह ग्राम पंचायत दतिमा, करवां व अन्य ग्रामों में भी मोहर्रम को सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाया गया।

### मुस्लिम समुदाय ने हसर-हुसैन की शहादत में निकाला मातमी जुलूस

**करवां।** मुस्लिम समुदाय द्वारा पड़की पारा में हसन-हुसैन की शहादत की याद में ताजिया के साथ मातमी जुलूस निकाला गया। इस मौके पर मुस्लिम पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जगह-जगह चौक-चौराहों पर जुलूस का स्वागत किया गया और अकीदतमंदी के साथ फातिहा पढ़ी गई। ताजियों को श्रद्धा और सम्मान के साथ विभिन्न स्थानों पर ले जाया गया, जहाँ समुदाय के लोगों ने उन्हें देखने और दुआ करने के लिए बड़ी संख्या में भाग लिया। इस मौके पर स्थानीय हिन्दू समुदाय के लोगों ने भी मुस्लिम समुदाय के साथ सहयोग किया और जगह-जगह लंगर, पेयजल की व्यवस्था की।

## पानी निकासी की व्यवस्था अपर्याप्त

# अवैध अतिक्रमण एवं बेतरतीब निर्माण शहर में जल भराव का मुख्य कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भारी बारिश के बाद रविवार को शहर विभिन्न क्षेत्रों में हुए जल भराव के पीछे पानी निकासी के प्राकृतिक मार्गों को अवरूद्ध करने एवं एवं जगह-जगह बेतरतीब निर्माण जसी वजह सामने आई है। शहर में लम्बे समय से योजनाबद्ध पानी निकासी व्यवस्था की कमी भी जल भराव का बड़ा कारण माना जा रहा है। संभाग मुख्यालय बनने के बाद शहर की आबादी तेजी से बढ़ रही है तथा नए-नए क्षेत्रों में कॉलोनियां विकसित हो रही है।

**खास बात**

- पानी निकासी मार्ग पर बन गई कॉलोनियां, पुल-पुलियों को कर दिया बंद

शहर के दूरस्थ एवं सुविधाविहीन इलाके तो लगातार आवासीय कॉलोनियां विकसित हो ही रही हैं भू-माफिया अब आसपास के गांवों में भी धड़ल्ले से प्लॉट काट कर बेच रहे हैं। जरूरतमंद लोग भी भविष्य की चुनौतियों की चिंता किए बिना जहां-तहां प्लॉट खरीदकर बेतरतीब निर्माण कर रहे हैं। कॉलोनियों के लिए शासन ने कड़े नियम बनाए हैं लेकिन दबंगों पर इन नियमों का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। मोटी कमाई के लिए दबंग ऐसे स्थानों की जमीनें सस्ते में खरीद रहे हैं जो निचले इलाकों में शुमार हैं तथा पानी निकासी का प्राकृतिक मार्ग है। दबंग पानी निकासी के मार्गों, पुल-पुलियों को अवरूद्ध कर मिट्टी भर दे रहे हैं तथा प्लॉट काटकर जरूरतमंद लोगों को बेच रहे हैं। लोग भी सड़क, बिजली, पानी एवं जल निकासी की चिंता किए बगैर बेतरतीब ढंग से आवासों का निर्माण कर रहे हैं। ऐसी कॉलोनियों में कुछ घर ऊंचाई पर हैं जबकि कुछ गहराई में जिसके कारण पानी निकासी नहीं हो पा रही है तथा भारी बारिश के दौरान भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को शहर से सटे ग्राम पंचायत सरगवां स्थित वृंदावन कॉलोनी स्थित बांक नदी का प्रवास बाधित होने के कारण तेज बहाव में नवनिर्मित एक मकान के सामने की मिट्टी कटकर बह गई तथा भवन के दो पिलर हवा में झूल गए।

घटना से भयभीत परिवार के सदस्यों ने खतरे को देखते हुए मका को खाली कर दिया है तथा खानाबदोश का जीवन जी रहे हैं। मिट्टी कटाव होने से मकान में दरारे आ गई हैं तथा गिरने का खतरा बढ़ गया है। मकान की सुरक्षा के लिए तत्काल बोल्डर-गिट्टी की फिलिंग कराने एवं नदी के प्रवाह को सुचारू करने की जरूरत बताई जा रही है जो भवन स्वामी की क्षमता से बाहर है।



भारी बारिश के बाद सरगवां स्थित वृंदावन कॉलोनी में मिट्टी कटाव होने से क्षतिग्रस्त मकान।

### नदी में भी निर्माण

बताया जा रहा है कि बांक नदी के किनारे की भूमि खरीदने के बाद भू-स्वामी ने पानी निकासी मार्ग पर नदी किनारे रिटेनिंगवाल का निर्माण करा भूमि को समतल कराया तथा प्लाटिंग कर अधिकांश भूमि को बेच दी। तीन साल पूर्व रिटेनिंग वाल टूट कर नदी में गिर गई। नदी का प्रवाह कम होने पर कोई समस्या नहीं होती लेकिन मूसलाधार बारिश होने के बाद क्षतिग्रस्त रिटेनिंग वाल नदी का प्रवाह रोक देता है जिससे मिट्टी का कटाव होता है। इसी नदी में शहर की नालियों का अधिकांश पानी निकलता है। कुछ लोगों ने नदी किनारे की भूमि को पाटकर पक्के मकान बना लिए हैं। इन मकानों में जाने-आने रास्ता भी खतरनाक है। इस तरह के अवैध निर्माण भी नदी के प्रवाह को बाधित कर रहे हैं। ऐसे कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं विकसित करने के लिए पहले कॉलोनी का नियमितकरण जरूरी है लेकिन नियमितिकरण का शुल्क भुगतान करने कोई पक्ष सामने नहीं आ रहा है।

#### पानी निकासी बड़ी समस्या

ननि के जनप्रतिनिधि शहर के ड्रेनेज सिस्टम को दुरूस्त करने एवं अलग-अलग क्षेत्रों में पानी निकासी के लिए बड़ी पालियां बनवाने की योजना लम्बे समय से बना रहे हैं लेकिन यह योजना फाईलों से बाहर नहीं निकल पा रही है। शासन से मिले अधोसंरचना विकास की राशि से पार्षदों की सहमित से वार्डवार विकास कार्य होते हैं। ननि के जनप्रतिनिधयों ने इस बड़ी समस्या के निराकरण के लिए कभी कारगर पहल नहीं की। वार्डों में भी मूलभूत सुविधाएं जरूरी हैं लेकिन ड्रेनेज सिस्टम को दुरूस्त करना शहर की बड़ी जरूरत बन गई है।

#### ड्रेनेज सिस्टम के लिए होगी पहल

पानी निकासी के लिए ननि द्वारा कुछ स्थानों पर बड़ी नाली का निर्माण कराया जा रहा है। ड्रेनेज के लिए 3-4 बड़े नालों का निर्माझा आवश्यक है। इसकी स्वीकृति के लिए शासन से पहल की जाएगी।

-डीएन कश्यप
आयुक्त, नगर निगम

# खदान से पाट्र्स की चोरी तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा सहक्षेत्र के बलरामपुर 10-12 नंबर खदान से गत 13 अप्रैल को खदान परिसर में रखे स्क्रैप मैटेरियल अर्थात कबाड़ सहित मशीनी पाट्र्स चोरी कर छोटे मालवाहक वाहन में डालकर कबाड़ चोर भागने की फिराक में थे,इस दौरान कबाड़ चोर कंपनी के सुरक्षा दस्ते की संयुक्त ग़श्ती दल को देखकर मालवाहक वाहन को मौके पर ही छोड़ भाग खड़े हुए थे, इसके बाद सुरक्षा अमले ने खदान के लौह सामग्री कबाड़ लोड मिनी मालवाहक वाहन क्रमांक यूपी 64 बीटी 2763 को जप्त कर बिश्रामपुर पुलिस को सौंप दिया गया था।

पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान शिवनंदनपुर रविवार बाजार निवासी वाहन स्वामी कबाड़ चोर गुलाम अहमद उर्फ गुड्डा कबाड़ी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जिसने बताया कि अजय देवांगन एवं अन्य साथियों ने खदान से चोरी की घटना को अंजाम दिया है।मामले में गत 28 मई को शिवनन्दनपुर इतवारी बाजार निवासी गुलाम अहमद उर्फ गुड्डा कबाड़ी को पुलिस ने गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश किया।इधर पुलिस ने गुड्डा कबाड़ी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर वारदात में शामिल आरोपी अजय देवांगन को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो उसने घटना में शामिल सहयोगियों के नाम पुलिस को बताए, जिसके आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल अजय देवांगन पिता रजिंदर देवांगन 19 वर्ष निवासी शिवनंदनपुर, दिशांत दास पिता मोहन दास 19 वर्ष निवासी तालाब पारा शिवनंदनपुर, विमल राजवाड़े उर्फ नानबाऊ पिता शिवनारायण राजवाड़े 20 वर्ष तालाबपारा शिवनंदनपुर,सहित एक अन्य अपचारी बालक को आज सोमवार को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश किया है।



# स्क्रीनिंग किए गए लोगों को सिकल सेल जेनेटिक कार्ड किया जाएगा प्रदाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले के समस्त विकास खंडों में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा 1 जुलाई 2023 को सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन प्रारंभ किया गया है जिसके अंतर्गत 2023 से 2026 तक 0-40 वर्ष आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों की सिकल सेल स्क्रीनिंग कर पोर्टल में एंट्री की जा रही है।

- राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम का किया जा रहा है आयोजन

सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का उद्देश्य है कि स्क्रीनिंग किए गए सभी व्यक्तियों को सिकल सेल जेनेटिक कार्ड प्रदान किया जाएगा। जिले में वर्ष 2023-2026 में 5 लाख 56 हजार 628 व्यक्तियों का सिकल सेल स्क्रीनिंग किया जाना है, जिसके विरूद्ध 7 लाख 35 हजार 239 स्क्रीनिंग कर 583 सिकल सेल रोगी की पहचान की गई, इनमें से 248 मरीजों का सिकल सेल विकलांगता प्रमाण पत्र जिले द्वारा प्रदाय किया जा चुका है।

सीएमएचओं डॉ. केडी पैकरा ने बताया कि इस कार्यक्रम में सिकल सेल के बारे में समुदाय में जागरूकता फैलाना, रोगियों को निःषुल्क चिकित्सकीय परामर्श देना, संभावित रोगियों की सिकल सेल स्क्रीनिंग, स्क्रीनिंग उपरांत सिकल सेल धनात्मक मरीजों को जनेटिक कार्ड प्रदान करना, सिकल सेल से पीड़ति व्यक्तियों के प्रति समाज में फैले भेद-भाव को कम करना, साथ ही समुदाय आधारित जन सहभागिता गतिविधियां आयोजित किया जा रहा है। समस्त विकासखण्ड के खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को सूचित किया गया है कि अपने अधीनस्थ सिकल सेल धनात्मक मरीजों का विकलांगता प्रमाण पत्र बनवाने हेतु संपर्क स्थापित करें।

### सर्पदंश बाद तुरंत पहुंचे अस्पताल, झाड़-फूंक या देरी हो सकती है जानलेवा : डॉ. प्रियंका शर्मा

**सूरजपुर।** ग्राम कौशलपुर निवासी इंद्रपाल को सफाई करते समय एक ज़हरीले सांप ने उन्हें काट लिया। इधर इंद्रपाल को सांप के काट लेने पर परिजन बिना देरी किए रामानुजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते ही चिकित्सकों ने बिना देरी किए इलाज शुरू कर तत्काल एंटी-वेनम इंजेक्शन लगाया गया और मेडिकल ऑब्ज़र्वेशन में रखा गया। समय पर उपचार होने से इंद्रपाल सुरक्षित और पूरी तरह ठीक हैं। रामानुजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. प्रियंका शर्मा ने बताया कि रामानुजनगर अस्पताल को इस तरह तैयार किया है कि किसी भी आपात स्थिति में बिना किसी देरी के इलाज शुरू हो सके। यदि कभी भी किसी को सांप काटता है, तो वह तुरंत अस्पताल पहुंचे। झाड़-फूंक या देरी जानलेवा हो सकती है। जिला प्रशासन ने सर्पदंश की घटना होने पर झाड़-फूंक से मरीज को ठीक कराने के चक्कर में न रहें बल्कि मरीज को उपचार के लिए तत्काल निकटतम अस्पताल लाने का प्रयास करें। सांप के काटने पर झाड़-फूंक से नहीं बल्कि एंटी-वेनम इंजेक्शन से ही मरीज की जान बचाई जा सकती है। जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं दूरस्थ क्षेत्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एंटी-वेनम इंजेक्शन उपलब्ध है।

- रामानुजनगर अस्पताल की व्यवस्था बनी जीवन रक्षक

# मेहता प्वाईंट झरने की खाई में गिरी पर्यटकों से भरी अनियंत्रित स्कार्पियो

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट स्थित पर्यटन स्थल मेहता प्वाईंट पर रविवार को उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब पर्यटकों से भरी एक तेज रफ्तार स्कार्पियो अनियंत्रित होकर 30 फीट गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में स्कार्पियो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

- 9 सवार हुए घायल

मैनपाट के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने रविवार को कांसाबेल के 9 पर्यटक स्कार्पियो क्रमांक सीजी 15 डीक्यू 7951 से पहुंचे थे। अन्य पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने के बाद 4 बजे मेहता प्वाईंट का झरना देखने पहुंचे थे। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने पर्यटन स्थल मेहता प्वाईंट पर वाहन ले जाने पर रोक लगाई है लेकिन पर्यटक तेज रफ्तार से झरना की ओर आ रहे थे इस दौरान चालक को पास में गहरी खाई होने का अनुमान नहीं लग सका तथा पर्यटकों से भरी स्कार्पियो मेहता प्वाईंट झरने की 30 फीट गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में वाहन में सवार सभी पर्यटकों को गंभीर चोटें आई हैं वहीं स्कार्पियो पूरी तरह से क्षितग्रस्त हो गई है। वाहन गिरने का शोर सुनकर घटना स्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने खाई में उतर कर स्कार्पियो सवार 9 लोगों को बाहर निकाला एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया।

इसके 6 दिन पूर्व मेहता प्वाईंट झरने की खाई में एक तेज रफ्तार कार गिर गई थी जिसमें सवार 4 लोगों को गंभीर चोटें आई थी। मेहता प्वाईंट झरने के पास जिस तरह से दुर्घटनाएं हो रही हैं सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने की जरूरत महसूस की जा रही है।



### शहर विकास का नया प्लान तैयार करने की मांग

**अम्बिकापुर।** वरिष्ठ भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने सरगुजा प्रवास पर पहुंचे उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंप अम्बिकापुर का विकास योजना 2021 को निरस्त कर शीघ्र नवीन मास्टर प्लान तैयार कर लागू करने की मांग की है। पार्षद श्री दुबे ने बताया कि अम्बिकापुर की प्रथम विकास योजना 6 मई 2006 को लागू किया गया था। योजना में अनेकानेक विसंगतियां होने के कारण इसकी शुरुआत में ही नगरवासी एवं जनप्रतिनिधि बदलाव करने की मांग करने लगे। विकास योजना में शहर के फुंदुरडिहारी स्थित तुर्रापानी में 63 हेक्टेयर भूमि को मेला क्षेत्र हेतु आरक्षित किया गया है। वहीं विशुनपुर में मंडी प्रस्तावित है जबकि दोनों इलाके घनी बसाहट वाले है। शहर में शहर में बिना किसी योजना के एमआर रोड प्रस्तावित किया गया है जिसका कोई अस्तित्व नहीं है। प्रस्तावित मार्ग के निर्माण से सैकड़ों भवन प्रभावित होंगे। मास्टर प्लान में जरूरत के अनुसार उपयुक्त बाईपास रोड का प्रावधान नहीं है जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा शहर के तीन छोरों पर बाईपास निर्माण प्रस्तावित है। मास्टर प्लान में भू उपयोग, मार्ग, उचित फर्मी, क्षेत्रानुपात का भी प्रावधान नहीं है तथा शहर के चोरका कछार एवं फुंदुरडिहारी का कुछ हिस्सा निवेश क्षेत्र में शामिल नहीं किया गया है जबकि दोनों इलाके ननि में शामिल है। मास्टर प्लान में जल निकासी का प्रावधान नहीं होने कारण भारी वर्षा के दौरान शहर का बड़ा इलाका जलमग्न हो गया है। अमृत योजना के तहत जीपीएस आधारित मास्टर प्लान 2042 का सर्वे व अन्य कार्ययोजना लगभग तैयार कर लिया गया है तथा शहर के व्यवस्थित विकास हेतु इस योजना को तत्काल लागू किया जाना आवश्यक है।






### भंडारा लगाने के लिए बोल बम समिति रवाना

**राजपुर।** सरगुजा कोरिया बोल बम सेवा समिति 21 वां वर्ष का भंडारा सुल्तानगंज से देवघर पैदल मार्ग पर लगाने के लिए समिति के सदस्य आज राजपुर से रवाना हुए। बाबा धाम देव नगरी के पैदल कावड़ मार्ग पर पूरे सावन भंडारा चलता है और कांवड़ियों की सेवा करते है। समिति के संस्थापक सदस्य व अध्यक्ष सुभाष शर्मा के नेतृत्व में दिनेश गोयल, बाबूलाल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राजेंद्र बंसल, रामस्वरूप गुप्ता, प्रमोद ठाकुर, शंकर अग्रवाल, रामू शर्मा, पवन अग्रवाल, नाथूलाल अग्रवाल, अर्जुन अग्रवाल महाकाल नन्हे गुप्ता सहित अन्य सदस्य यहां से रवाना होकर वहां सेवा करते है।

# कलेक्टर के अमर्यादित व्यवहार से आक्रोशित कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सूरजपुर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने कबीरदास कलेक्टर के अमर्यादित व्यवहार के विरोध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री राजस्व टंक राम वर्मा, मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की।

गौरतलब है कि कबीरधाम कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बीते दिनों कार्यालय खुलने के समय सरकारी कार्यालय और संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया था। इसी क्रम में वह सुबह 10 बजे जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे थे। यहां कार्यालय के मेन गेट पर कलेक्टर हाजिरी रजिस्टर लेकर बैठ गए थे। देर से आने वाले कर्मचारियों को गेट पर ही रोक दिया। उन्होंने कर्मचारियों को कान पकड़कर उठक-बैठक लगवाया और माफी मंगवाई थी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जमकर वायरल हुआ था। कलेक्टर ने देर से कार्यालय पहुंचने वाले 42 कर्मचारियों को नोटिस भी जारी किया था। जिला संयोजक डॉ. आरएस सिंह ने बताया कि कलेक्टर का व्यवहार अनुचित व अशोभनीय है। फेडरेशन इसकी कड़ी निंदा करता है,साथ ही शासन से मांग करते हैं कि ऐसे बेलगाम अधिकारियों को सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। कार्रवाई नहीं होने पर फेडरेशन उग्र आंदोलन करने हेतु बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला संयोजक डॉ. आरएस सिंह, महासचिव एवं जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्ग शासकीय कर्मचारी इकबाल अंसारी, प्रदेश महामंत्री धीरेन्द्र उपाध्याय, जिला अध्यक्ष छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ मनीष दीपक साहू, राधेश्याम साहू, संदीप गुप्ता, अनुरंजन सिंहदेव, प्रदीप सिंह, महेश पैकरा, सीडा अध्यक्ष डॉ. राजेश पैकरा, डॉ. दीपक मरकाम, ज्योति साधना श्रीवास्तव, आशीष पाण्डेय, शैलेंद्र सिंह, सुनील कुमार उइके, विकास कुशवाहा, महेंद्र शांडिल्य, कुलदीप पैकरा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री नितिन नवीन का किया गया स्वागत

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश प्रभारी एवं बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नवीन मैनपाट में आयोजित भाजपा के चिंतन शिविर में शामिल होने के लिए सड़क मार्ग से झारखंड होते मध्य रात्रि रामानुजगंज पहुंचे। छत्तीसगढ़ सीमा में प्रवेश करते ही भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल और नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के मार्गदर्शन में अंतर्राज्यीय बैरियर पर पूर्व पार्षद मुकेश जायसवाल एवं विकास अग्रवाल के नेतृत्व में भव्य आतिशबाजी एवं फूल माला के साथ भव्य स्वागत किया गया।

गौरतलब है की छत्तीसगढ़ भाजपा द्वारा सांसदों विधायकों के लिए तीन दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन छत्तीसगढ़ के शिमला कहे जाने वाले मैनपाट में किया गया है जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह समेत प्रदेश के समस्त सांसद विधायकों के सम्मिलित होने का अनुमान है। नितिन नवीन चिंतन शिविर में शामिल होने के लिए सड़क मार्ग से पटना बिहार से झारखंड होते रामानुजगंज पहुंचे थे जहां रात्रि विश्राम के बाद अल सुबह मैनपाट के लिए निकल गए। मध्य रात्रि में भव्य आतिशबाजी के साथ स्वागत से अभिभूत छत्तीसगढ़ पहुंचे भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में जन भावनाओं के अनुरूप समाज के सभी वर्गों के लिए विकास कार्य हो रहे हैं। हम लोगों ने जो वादा किए थे वादा के अनुरूप कार्यों को मूर्त रूप दिया जा रहा है। इस दौरान पार्षद सुरेश पुरी, सुमित गुप्ता, अर्जुन दास, सिद्धांत यादव, अश्वनी गुप्ता, अनूप कश्यप, अंकित गुप्ता, मंजय गुप्ता, उमेश पुरी, करण कश्यप, मनजीत कश्यप, पंकज गुप्ता, योगेश केसरी, जयप्रकाश केसरी, संतोष पासवान, साकेत कश्यप, संतोष ठाकुर, धनंजय गुप्ता, संतोष दास, ललन पासवान, ओम गुप्ता, अनिल पुरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। वही प्रातः पूर्व जिला अध्यक्ष आरके पटेल, कन्हैया लाल अग्रवाल, सुभाष केसरी, सुभाष जायसवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता विमलेश सिन्हा, अरुण केसरी, सीताराम गुप्ता, विजय रावत सहित अन्य लोग भी पहुंचे। प्रदेश एवं जिले से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा के साथ सौजन्य मुलाकात किए।



### भक्ति व जन आस्था के केंद्र देवगढ़ धाम में होंगे विविध आयोजन

**बिश्रामपुर।**श्रावण मास के अवसर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भोलेनाथ की भक्ति और जन आस्था का विराट संगम देवगढ़ धाम में देखने को मिलेगी। महाशिवरात्रि के एक दिन पहले 22 जुलाई को सूरजपुर छठ घाट से हजारों श्रद्धालु भक्त जमदाग्नि ऋषि की तपोभूमि और उत्तर वाहिनी पुण्य सलिला रेणुका नदी के तट पर स्थित अर्द्धनारेश्वर शिवलिंग का जलाभिषेक करने पदयात्रा पर निकालेंगे। श्रद्धालु मानते हैं कि अर्द्धनारेश्वर शिवलिंग का जलाभिषेक कर उन्हें जीवन में शांति, शक्ति और शिवकृपा का वरदान प्राप्त होता है। ज्ञात हो कि देवगढ़ धाम न सिर्फ धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह स्थल पुरातात्विक व ऐतिहासिक दृष्टि से भी विशिष्ट है। रेणुका नदी के तट पर स्थित यह स्थल वह भूमि है, जहां ऋषि जमदाग्नि ने तपस्या की और जहां श्रद्धालु आज भी शिव-शक्ति स्वरूप अर्द्धनारेश्वर की आराधना कर जीवन का कल्याण मांगते हैं।



# दिलीप कुमार को याद कर धर्मेंद्र हुए इमोशनल

**मुंबई।** बॉलीवुड के हीमैन धर्मेंद्र ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक इमोशनल पोस्ट लिखा है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल धर्मेंद्र ने आज के दिन को मनहूस बताते हुए कहा कि आज ही दिन उनका सबसे प्यारा दोस्त उनसे बिछड़ गया था। धर्मेंद्र का यह पोस्ट देखकर हर कोई हैरान रह गया है। धर्मेंद्र ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें वह दिग्गज एक्टर दिलीप कुमार के साथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में धर्मेंद्र और दिलीप कुमार एक-दूसरे का हाथ थामे नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'आज का दिन कितना गमनाक और मनहूस दिन है।

## लाइफ Style

# वाणी मंडला मर्डर्स से कर रहीं डिजिटल डेब्यू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नेटफ्लिक्स और वायआरएफ एंटरटेनमेंट की बहुप्रतीक्षित और विधा सीमाएं लांघने वाली सीरीज मंडला मर्डर्स 25 जुलाई को रिलीज हो रही है। यह सीरीज न केवल एक रहस्यमयी, पौराणिक-क्राइम थ्रिलर है, बल्कि अभिनेत्री वाणी कपूर के लिए ओटीटी पर पहला कदम भी है।

वाणी कपूर, जो अब तक बड़े पर्दे पर अपनी क्षमता दिखा चुकी हैं, इस बार एक कठिन और चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने को लेकर उत्साहित हैं। इस किरदार को लेकर उन्होंने कहा, मैं कुछ बेहद खास और चुनौतीपूर्ण तलाश रही थी ताकि मेरा ओटीटी पर डेब्यू यादगार हो और मंडला मर्डर्स जैसा प्लेटफॉर्म मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं ऐसी कहानी का हिस्सा बन रही हूं, जो शारीरिक और मानसिक रूप से मुझसे एक नया अवतार मांगेगी। यह एक ऐसी शैली है, जिसमें मैंने पहले कदम नहीं रखा था। उन्होंने कहा कि यह निडर निर्णय मुझे गहराई, संघर्ष और संवेदनशीलता की नई परतों से रूबरू करा रहा है और यही तत्व उत्कृष्ट कहानी कहने के लिए अहम हैं।

सीरीज के रचयिता और निर्देशक गोपी पुथरन, जिन्हें 'मर्दानी' फ्रेंचाइजी का श्रेय जाता है, उन्होंने दर्शकों को एक जटिल कयास-कथा में ले जाने का वादा किया है, जहां हर सुराग एक प्राचीन भविष्यवाणी की गहराई खोलता है। इसके साथ वैभव राज गुप्ता, सुरवीन चावला और श्रिया पिलगांवकर जैसी प्रमुख कलाकारों का अभिनय इस कथानक को और वजन देता है। वाणी ने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स में महिलाओं के लिए बेहतर अवसरों पर ज़ोर देते हुए कहा, मुझे स्ट्रीमिंग से प्यार है।



## टॉलीवुड मसाला



# कानूनी पचड़े में फंसे महेश

**हैदराबाद।** साउथ के मशहूर अभिनेता महेश बाबू एक कानूनी विवाद में उलझ गए हैं। हैदराबाद की एक महिला डॉक्टर ने उनके खिलाफ रियल एस्टेट घोटाले को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। डॉक्टर का आरोप है कि उन्होंने एक प्लॉट खरीदने के लिए करीब 34.8 लाख रुपये दिए, लेकिन जिस जमीन की बात की गई थी, वह असल में मौजूद ही नहीं थी। इस शिकायत के आधार पर, तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले की उपभोक्ता अदालत ने अभिनेता महेश बाबू को कानूनी नोटिस भेजा है।



# ऋषभ को बर्थडे पर मिला तोहफा...

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा चैप्टर 1' का पोस्टर रिलीज हो गया है। मेकर्स ने इस पोस्टर को ऋषभ शेट्टी के जन्मदिन के खास मौके पर ही आउट किया है। वहीं मूवी की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। साउथ सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी की मूवी 'कांतारा' ने साल 2022 में खूब सुर्खियां बटोरी थी। वहीं ये मूवी उस साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। वहीं आज यानी 7 जुलाई को इसके प्रीक्वल का पोस्टर जारी किया गया है। इसका नाम 'कांतारा चैप्टर 1' रखा गया है। मेकर्स ने इस मूवी के पोस्टर को ऋषभ शेट्टी के बर्थडे पर ही रिलीज किया है। आज एक्टर अपना 41वां जन्मदिन मना रहे हैं। इसी खास मौके पर उन्होंने फैंस को भी सरप्राइज गिफ्ट दे दिया है। वहीं मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट भी रिवील कर दी है। ये मूवी इसी साल 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# सन ऑफ सरदार-2 का नया गाना रिलीज

**मुंबई।** अभिनेत्री मृणाल ठाकुर और अजय देवगन की अपकमिंग मूवी 'सन ऑफ सरदार 2' का नया गाना रिलीज हो चुका है। सोशल मीडिया पर फैंस मृणाल ठाकुर और अजय देवगन की जोड़ी पर काफी प्यार लुटा रहे हैं। हाल ही में मेकर्स ने मूवी का नया गाना 'पहला तू दूजा तू' रिलीज किया है। इस बार अजय देवगन के साथ मृणाल ठाकुर की केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। फैंस कपल की इस केमिस्ट्री को काफी पसंद भी कर रहे हैं। वहीं इसकी अनाउंसमेंट अजय देवगन और मृणाल ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर की है। 'सन ऑफ सरदार 2' के इस गाने को टी-सीरीज ने अपने ऑफिशियल यूट्यूब पर रिलीज किया है। वहीं अजय और मृणाल ने इसकी जानकारी अपने फैंस को इंस्टाग्राम पर दी।




# आज होगा 'सैयारा' का ट्रेलर लांच...

**मुंबई।** सैयारा इन दिनों देशभर में युवाओं के बीच सबसे चर्चित रोमांटिक फिल्मों में से एक बन चुकी है। फिल्म का म्यूज़िक एल्बम पहले ही साल का सर्वश्रेष्ठ एल्बम साबित हो चुका है, जिसमें फहीम-अर्सलान का टाइटल ट्रैक सैयारा, जुबिन नौटियाल का बर्बाद, विशाल मिश्रा का तुम हो तो, सचेत-परंपरा का हमसफ़र और अरिजीत सिंह और मिथुन का धुन जैसे गाने भारतीय संगीत चार्ट्स पर धूम मचा चुके हैं। अब यशराज फिल्म्स की फिल्म सैयारा का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर 8 जुलाई को सुबह 11 बजे रिलीज करने जा रहा है। इसे देश के युवाओं के लिए एक "अपॉइंटमेंट व्यूइंग" इवेंट के रूप में पेश किया जा रहा है। अब तक फिल्म को एक गहन प्रेम कहानी के लिए सर्वसम्मति से सराहना मिल रही है।

## टीवी मसाला



# दीपिका सर्जरी के बाद फिर बिजनेस में उतरीं

**मुंबई।** टीवी की मशहूर एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ सर्जरी के बाद फिर से बिजनेस में उतर गई हैं। एक्ट्रेस के पति शोएब इब्राहिम ने लेटेस्ट व्लॉग में एक्ट्रेस की हेल्थ अपडेट भी शेयर की है। दीपिका की हाल ही में कैंसर की सर्जरी हुई है। हालांकि अभी एक्ट्रेस अस्पताल से घर पर भी आ गई हैं और उनकी हेल्थ में भी सुधार देखा जा रहा है। उनके पति और एक्टर शोएब इब्राहिम ने हाल ही में एक्ट्रेस की हेल्थ का अपडेट शेयर किया है। साथ ही ये भी बताया कि दीपिका ने फिर से अपनी क्लोथिंग ब्रांड का करियर शुरू कर दिया है। शोएब ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक लेटेस्ट व्लॉग जारी किया है। इसमें वो अपने बेटे रूहान के साथ शॉपिंग करते नजर आ रहे हैं। साथ ही एक्टर ने अपनी पत्नी दीपिका की हेल्थ के बारे में भी बात की है। व्लॉग में उन्होंने बताया कि दीपिका की जो सर्जरी हुई थी अब उनके टांके हट गए हैं। साथ ही अगले वीक उनका नया इलाज भी शुरू हो जाएगा। दीपिका के पति शोएब ने व्लॉग में आगे बताया कि दीपिका जब सर्जरी के बाद वापस घर आई थीं तो उन्होंने अपने क्लोथिंग ब्रांड का काम फिर से शुरू कर दिया। अब दीपिका अपनी ब्रांड डीकेआई पर एक बार फिर से काम कर रही हैं। बता दें इस व्लॉग में सर्जरी के बाद पहली बार दीपिका अपने बेटे रूहान और पति शोएब के साथ बाहर घूमने गईं और बाहर का खाना भी खाया।

## 'इत्ती सी खुशी' में मुख्य भूमिका में आएंगी नजर



**मुंबई।** नया पारिवारिक ड्रामा 'इत्ती सी खुशी' में अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर मुख्य किरदार में नजर आएंगी। सुम्बुल अपने प्रभावशाली स्क्रीन प्रेज़ेंस और भावनात्मक गहराई के लिए जानी जाती हैं, और अब वह अन्विता दिवेकर का किरदार निभाने जा रही हैं। मुंबई की चहल-पहल भरी पृष्ठभूमि में रची गई यह कहानी 21 वर्षीय अन्विता की है, जो छह भाई-बहनों में सबसे बड़ी है और अपने बिखरते परिवार की अनचाही लेकिन मजबूत आधारशिला बन जाती है। एक ओर उसका पिता शराब की लत से जूझ रहा है, तो दूसरी ओर मां उन्हें पहले ही छोड़ चुकी है। ऐसे में अन्विता अपने सपनों और पढ़ाई की कुर्बानी देकर अपने भाई-बहनों के लिए बेहतर भविष्य गढ़ने में लग जाती है। यह शो रोजमर्रा के संघर्ष, अनकहे बलिदानों और बिना शोर के जीतने वाले प्रेम और साहस की कहानी को बेहद सच्चाई और कोमलता से दर्शाता है। अन्विता के किरदार के बारे में बात करते हुए सुम्बुल तौकीर खान ने कहा, मैं 'इत्ती सी खुशी का हिस्सा बनकर बेहद उत्साहित हूं और अन्विता की कहानी को जीवन देने का मौका पाकर खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं। अन्विता दिवेकर कोई सामान्य टेलीविजन किरदार नहीं है।

# स्पोर्ट्स ड्रामा '5th सितंबर' का ट्रेलर आउट, 18 जुलाई को होगी रिलीज

**मुंबई।** केएसएम फिल्म प्रोडक्शंस ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म '5th सितंबर' का भावनात्मक ट्रेलर रिलीज कर दिया है। यह एक दिल छू लेने वाली स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जो न केवल खेल की भावना बल्कि जीवन बदलने वाले मेंटर्स की अहमियत को भी दर्शाती है। कुनाल शमशेर मल्ला की ओर से निर्देशित और निर्मित यह फिल्म 18 जुलाई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर की शुरुआत एक भावुक क्लासरूम सीन से होती है, जिसमें अधूरे सपनों, पछतावों और एक गुरु और शिष्य के बीच के अनकहे रिश्ते को खूबसूरती से दर्शाया गया है। जल्द ही कहानी एक ऐसे मोड़ पर पहुंचती है जहां एक सच्चा मार्गदर्शक, एक टूट चुके इंसान को फिर से जीने की राह दिखाता है। फिल्म के निर्देशक कुनाल शमशेर मल्ला कहते हैं, मैंने खेल को सिर्फ एक पृष्ठभूमि के रूप में चुना है। असल में यह फिल्म भावना, क्षति और एक मेंटर के माध्यम से दोबारा विश्वास पाने की कहानी है। '5th सितंबर' मेरी ओर से हर उस गुरु को समर्पित है जिसने कभी किसी छात्र को हिम्मत दी है।।फिल्म एक ऐसे पूर्व खिलाड़ी की कहानी है जो अपने अतीत से जूझ रहा है और एक नई पीढ़ी के साथ जीवन का उद्देश्य फिर से खोजता है। दमदार अभिनय, गहरे संवाद और सजीव दृश्यों के साथ यह फिल्म आत्मनिरीक्षण, प्रेरणा और उम्मीद का संदेश देती है।



# 'मेट्रो इन दिनों' की बॉक्स ऑफिस पर हालत पस्त
# 20 करोड़ कमाना हुआ मुश्किल

**मुंबई।** अनुराग बासु की नई फिल्म, 'मेट्रो... इन दिनों' 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने अपना पहला वीकेंड पूरा कर लिया है। फिर भी फिल्म का कलेक्शन 20 करोड़ के पार नहीं जा पाया है। मेट्रो इन दिनों को दर्शकों और पहले दिन अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। इसके बाद उम्मीद लगाई गई थी कि फिल्म वर्ड ऑफ माउथ से फायदा मिलेगा। लेकिन अभी ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है। इस फिल्म में आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, फातिमा सना शेख, अली फजल, अनुपम खेर और नीना गुप्ता जैसे कलाकार शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने तीसरे दिन 5.46 करोड़ रुपए की कमाई की है। वहीं, फिल्म ने दूसरे दिन 6 करोड़ रुपए और पहले दिन 3.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। इससे फिल्म का कुल कलेक्शन 14.96 करोड़ रुपये हो गया। यदि फिल्म का कलेक्शन इसी तरह जारी रहा, तो 'मेट्रो... इन दिनों' का लाइफ टाइम बिजनेस 50 करोड़ रुपये भी पहुंचना मुश्किल होगा। 'मेट्रो... इन दिनों' का लेखन और निर्देशन अनुराग बासु ने किया है। यह एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा है। यह फिल्म 2007 में आई 'लाइफ इन ए... मेट्रो' का सीक्वल है। फिल्म में चार अलग-अलग उम्र के जोड़ों की कहानियाँ हैं, जो मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और बेंगलुरु जैसे शहरों में एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं।



## चलचित्र देखकर कुछ डर के मारे कुर्सियों से उठकर भाग खड़े हुए थे

# 7 जुलाई को पहली बार चलती-फिरती तस्वीरें स्क्रीन पर दी थीं दिखाई

***मुंबई।** मुंबई के वॉटसन होटल में 7 जुलाई 1896 को ही पहली बार चलती-फिरती तस्वीरें स्क्रीन पर सामने दिखाई दी थीं। उस समय किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि यही दिन भारतीय सिनेमा के सुनहरे सफर की शुरुआत बनेगा। पहली बार लुमियर ब्रदर्स की 'द अराइवल ऑफ ए ट्रेन' जैसी फिल्म ने दर्शकों को सिनेमा के जादू से रूबरू कराया। आज, 129 साल बाद, उसी दिन को याद करते हुए भारतीय सिनेमा की नींव और उसके शुरुआती दिनों की कहानी फिर से जिंदा हो उठी है।*

## लुमियर ब्रदर्स की फिल्म 'द अराइवल ऑफ ए ट्रेन' से दर्शकों को सिनेमा के जादू से रूबरू कराया था

### कैसे और कहां शुरू हुई पहली फिल्म

7 जुलाई, 1896 को टाइम्स ऑफ इंडिया में छपे एक विज्ञापन ने मुंबईवासियों को 'दुनिया के सबसे बड़े चमत्कार' को देखने का न्यौता दिया था। उस दौरान वॉटसन होटल में हुए इस इवेंट में एक रुपए का टिकट हुआ करता था। इसी पैसे के साथ दर्शकों ने सदी के सबसे अनोखे आविष्कार, चलती हुई स्क्रीन को पहली बार देखा। लुमियर ब्रदर्स की ओर से प्रदर्शित की गई यह 'द अराइवल ऑफ ए ट्रेन' नामक फिल्म में सिर्फ एक ट्रेन स्टेशन पर आती दिखाई गई थी। लेकिन दर्शकों को यह सीन इतना असली लगा कि कुछ डर के मारे कुर्सियों से उठकर भाग खड़े हुए, जबकि कुछ औरतें बेहोश तक हो गईं थीं।



### लुमियर ब्रदर्स ने कैसी फिल्मों को स्क्रीन पर दिखाना शुरू किया

फ्रांस के लुई और अगस्ते लुमियर ने साल 1895 में पेरिस में पहली बार सिनेमा दिखाया था। पेरिस और लंदन में सक्सेस के बाद वह भारत आए और बॉम्बे आकर, 14 जुलाई से नोवेल्टी थिएटर में इन फिल्मों का दोबारा प्रदर्शन हुआ और यह सिलसिला एक महीने तक चलता रहा। बता दें कि शुरुआती फिल्मों में कोई कहानी नहीं हुआ करती थी, बल्कि सिंपल इंसीडेंसेस हुआ करते थे, जैसे दीवार गिराना, ट्रेन का आना, या किसी फैक्ट्री से कामगारों का बाहर निकलना ही स्क्रीन पर दिखाया जाता था। उस दौर में ये छोटे-छोटे सीन्स ही दर्शकों को काफी उत्साहित करते थे।

### लुमियर ब्रदर्स से प्रेरित होकर भारत में मगांया गया कैमरा

लुमियर ब्रदर्स ने तो दर्शकों के बीच चलती स्क्रीन का प्रचलन ला ही दिया था। इनसे प्रेरित होकर महाराष्ट्र के हरीशचंद्र सखाराम भटवाडेकर जिनको सावे दादा भी बोला जाता था। इन्होंने भारत में पहला कैमरा मंगाया और कुश्ती के सीन को शूट कर भारत की पहली डॉक्यूमेंट्री बनाई। आगे चलकर उन्होंने न्यूजरील के साथ-साथ बाकी की सामाजिक घटनाओं को भी रिकॉर्ड किया।

### 'राजा हरिश्चंद्र' बनी पहली फीचर फिल्म

जेएफ मदन और अब्दुल अली यूसुफ अली जैसे बिजनेसमैन ने फिल्म को बिजनेस के तौर पर बनाने का काम शुरू कर दिया। छोटे शहरों और गांवों में टेंट सिनेमा का चलन शुरू हुआ, जिससे सिनेमा देश भर में काफी फेमस हो गया। हालांकि कुछ इतिहासकार साल 1912 में रिलीज आई 'पंडालक' को पहली फिल्म मानते हैं, मगर दादा साहेब फाल्के की 'राजा हरिश्चंद्र' जो 3 मई, 1913 को भारत में आई थी, इसे भारत की पहली मूक फीचर फिल्म का दर्जा दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### मुटू में संकुल स्तरीय समीक्षा बैठक सह कार्यशाला

**जशपुरनगर।** मनोरा विकासखंड के संकुल केन्द्र मुटू और कलारू के प्रधान पाठकों का संकुल स्तरीय समीक्षा बैठक सह कार्यशाला का आयोजन संकुल प्राचार्य प्रद्युम्न कुमार सन्यासी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं वंदना और राज्यगीत के साथ हुआ।प्रथम सत्र में संकुल प्राचार्य ने कम्फर्ट जोन, सेफ जोन, लर्निंग जोन और ग्रोथ जोन के बारे में विस्तृत चर्चा की। सभी शिक्षकों को इसको अपने विद्यालय के साथ ही अपने जीवन में भी लागू करने कहा गया। मध्याह्न अवकाश के पश्चात विभिन्न विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। जिसमें विकासखंड द्वारा निर्धारित 28 एजेण्डा पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी प्रधान पाठकों को अपने शाला हेतु इस सत्र की कार्ययोजना बनाकर संकुल में जमा करने कहा गया है। मध्याह्न भोजन और विनोबा एप्प में इंट्री प्रतिदिन करने कहा गया।बच्चों का स्तर जांच कर रिपोर्ट एक सप्ताह के अंदर संकुल में जमा करने कहा गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक सुरेश कुमार राम एवं सभी संस्था प्रमुख उपस्थित रहे।

### झांसा देकर दुष्कर्म आरोपी को दस साल का कारावास

**जशपुरनगर।** शादी का झांसा देकर पीड़िता से दुष्कर्म और इच्छा के विरूद्व दस बार गर्भपात कराए जाने के मामले में न्यायालय ने आरोपित को दस साल कारावास और 50 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक अजीत रजक ने बताया कि कुनकुरी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहवासी पीड़िता ने कुनकुरी थाना में किये गए शिकायत में बताया था कि उसका और आरोपित संजय बंग 32 वर्ष का वर्ष 2017 से परिचय हुआ था। शुरू में दोनों के बीच मोबाइल फोन के माध्यम से बातचीत हुआ करता था। फिर मिलने जुलने का सिलसिला शुरू हुआ। पीड़िता के अनुसार आरोपित ने उसे शादी करने वायदा करके कई बार दुष्कर्म किया। दोनों के बीच लगभग 6 साल तक संबंध बना रहा। पीड़िता ने जब आरोपित संजय पर विवाह के लिये दबाव बनाया तो वह उसे दूसरी जाति का बताते हुए शादी करने से साफ इंकार कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर आरोपित के विरूद्व कुनकुरी पुलिस ने धारा 376 (2 एन),313 और एक्ट्रोसिटी एक्ट की धारा 3 (2), (5) के अंतर्गत अपराध पंजिबद्व करते हुए मामले की जांच के बाद न्यायालय के समक्ष आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव पक्ष के अधिवक्ता जेएन प्रसाद और विशेष लोक अभियोजक अजित रजक द्वारा प्रस्तुत किये गए साक्ष्य,गवाहों और साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद विशेष न्यायधीश सत्येंद्र कुमार साहू ने आरोपित संजय बंग को दस साल सश्रम कारावास और 50 हजार रूपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

### कलेक्टर ने ली पुस्तक वितरण की जानकारी

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने दानसरा के प्राथमिकए पूर्व माध्यमिक और हाईस्कूल तथा सारंगढ़ के अशोका पब्लिक स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण की स्थिति और मध्याह्न भोजन का जायजा लिया। कलेक्टर डॉ कन्नौजे के द्वारा हाईस्कूल दानसरा में कक्षा 9वी व 10वी के बच्चों को गणित और विज्ञान का प्रश्न पूछा गया।

## कमिश्नर के नेतृत्व में शहर को किया गया अतिक्रमण और गंदगी से मुक्त

# सर्जिकल स्ट्राइक : चखना सेंटर तोड़ा गांधीगंज से ओवरब्रिज तक हटाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने की दिशा में रायगढ़ नगर निगम ने सोमवार को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व अभियान चलाया। सुबह 6.30 बजे निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय स्वयं टीम के साथ फील्ड पर उतरे और बड़पारा, गंधरी पुल, गांधीगंज व संजय कंपलेक्स ओवरब्रिज क्षेत्र में एक के बाद एक ताबड़तोड़ कार्रवाइयों की झड़ी लगा दी।

इस पूरे अभियान में निगम ने न केवल अवैध कब्जों को ध्वस्त किया, ठेला टपरियों को हटाया बल्कि स्वच्छता और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी बड़े और निर्णायक फैसले लिए। कमिश्नर की सक्रिय मौजूदगी ने पूरे शहर में एक संदेश दे दिया कि अब गंदगी और अतिक्रमण के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी होगी। सबसे पहले बड़पारा क्षेत्र में शराब भट्टी के समीप अतिक्रमण कर बनाए गए अवैध चखना सेंटर को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। यह सेंटर न केवल नियम विरुद्ध था बल्कि सार्वजनिक स्थल को गंदा कर रहा था। साथ ही अवैध रूप से संचालित कई ठेले, टपरियां, दुकानें जब्त की गईं। नालों की सफाई, चौड़ीकरण और जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने का काम भी तुरंत किया गया।



### गांधीगंज में सफाई अभियान

कमिश्नर क्षत्रिय गांधीगंज पहुंचे और वहाँ खुद खड़े होकर मुनादी करवाई। पूरे गांधीगंज परिसर में फैले कचरे को गैंग और जेसीबी लगाकर साफ करवाया गया। दुकानदारों और व्यापारियों से सीधी बात करते हुए उन्हें निर्देशित किया गया कि कचरा निगम के वाहनों या स्वच्छता दीदियों को ही दें, कहीं और फेंके तो जुर्माना तय। नालों की सफाई के साथ साथ जलभराव से बचने के लिए वैकल्पिक इंतजाम करने का निर्देश इंजीनियरिंग टीम को दिया गया।

### ओवरब्रिज के नीचे ऑपरेशन क्लीन

ओवरब्रिज के नीचे वर्षों से चले आ रहे अतिक्रमण पर आज निगम का बुलडोजर चला। ठेला टपरी और दुकानें हटाई गईं, सामान जब्त किया गया। मुनादी कराई गई कि दोबारा अतिक्रमण पर सीधे जब्ती और जुर्माना लगेगा। यह क्षेत्र लगातार ट्रैफिक जाम और अव्यवस्था का शिकार था, आज की कार्रवाई से यहां साफ सुथरा और व्यवस्थित माहौल बना।

### भारी प्रशासनिक अमला रहा मौजूद

कार्रवाई के दौरान उपायुक्त सुतीक्षण यादव, कार्यपालन अभियंता अमरेश लोहिया, सहायक अभियंता अशोक सिंह, सूरज देवांगन, स्वास्थ्य अधिकारी शिव यादव, अतिक्रमण प्रभारी प्रदीप तिवारी, सफाई दरोगा अरविंद द्विवेदी समेत निगम का पूरा महकमा सक्रिय रूप से मौजूद रहा।

### आरपीएफ बैरक परिसर की सफाई

यहां वर्षों से पड़े कंडम वाहन और कबाड़ पानी जमा होने और मच्छरों के पनपने का कारण बने थे। कमिश्नर ने तत्काल सभी वाहन हटवाने और कबाड़ उठवाने के निर्देश दिए। नाली से बाधित जल निकासी को बहाल किया गया और दीवार तक तुड़वा दी गई।



### गांधीगंज में ट्रैफिक पुलिस की मोबाइल वैन से मुनादी

लंबे समय से खड़े कंडम वाहन, अव्यवस्थित पार्किंग और वाहनों द्वारा जगह कब्जा करने की समस्या को खत्म करने के लिए मुनादी कराई गई। साथ ही लोगों को चालानी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।



## खुटेरा स्कूल में संयुक्त रूप में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शासन की योजना अनुसार शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला तथा हाई स्कूल खुटेरा में संयुक्त रूप से मनाया गया। शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत खुटेरा की सरपंच श्रीमती तुला पैंकरा उपस्थित रहीं। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि तथा अन्य अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

तत्पश्चात नव प्रवेशी कक्षा पहली के 4, छठवीं के 15 तथा नवमी के 14 नव प्रवेशी विद्यार्थियों का चंदन लगाकर तथा माला पहनकर स्वागत किया गया। उसके पश्चात उन्हें पाठ्य पुस्तक प्रदान करते हुए लड्डू खिलाकर विद्यालय के नवीन सदस्य के रूप में स्वागत किया गया। कक्षा नवी के 6 बालिकाओं को निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत साइकिल भी प्रदान किया गया। प्रभारी प्राचार्य कमल चंदेल ने विद्यार्थियों तथा पालकों को आश्वस्त किया कि विद्यार्थी शिक्षा के साथ अनुशासन, जीवन मूल्य, ईमानदारी तथा संस्कार भी इस पाठशाला से सीखेंगे। मुख्य अतिथि सरपंच ने सभी पालकों से आग्रह किया कि सभी अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। प्राथमिक शाला खुटेरा के प्रधान पाठक अनुरंजन खेस के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में न्योता भोज का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समस्त अतिथि गण, पालक तथा विद्यार्थियों ने एक साथ बैठकर भोजन किया। अंत में सभी के द्वारा ₹एक पेड़ मां के नाम₹ के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती निझर तिर्की द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आत्माराम चौहान, श्रीमती तुलसी रत्ना भगत श्रीमती साधना भगत, श्रीमती संगीता कुलदीप, श्रीमती कल्पना खेस, श्रीमती अलका पुष्पिका तिर्की, रामवृक्ष साय, भगेश्वर भगत, राम किशोर राम, श्रीमती आशा रानी भगत, भूपेंद्र खुंटिया, श्रीमती विजया ज्योति वारे तथा समस्त कर्मचारियों का योगदान रहा।

## नशीले पदार्थों की विक्रय करने वालों पर होगी कार्रवाई



कलेक्टर एवं एसएसपी की अध्यक्षता में एनकॉर्ड बैठक

**जशपुरनगर।** जिले में नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनकोर्ड) की समीक्षा बैठक का आयोजन मंगलवार को कलेक्टर रोहित व्यास एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में कलेक्टर ने जिले में कोटपा एक्ट के तहत छोटे छोटे बच्चों को नशे के दंश से बचाने के लिए स्कूलों के आस पास बाउंड्री वाल के 100 मीटर के भीतर तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानों को समझाइश देने के बाद भी ना हटाने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जिले में विभिन्न स्थानों पर छोटे बच्चों द्वारा विभिन्न नशीले पदार्थों का उपभोग कर उत्पात मचाने के मामलों को संज्ञान में लेते हुए ऐसे नशों का अवैध व्यापार करने वाले लोगों पर संयुक्त दल बनाकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसडीएम एवं एसडीओपी को ऐसे द्रव्यों का विपणन एवं उपयोग करने वाले व्यवसायियों के साथ बैठक लेकर अवैध रूप से विक्रय ना करने के निर्देश देने को कहा। कलेक्टर ने सभी मेडिकल स्टोर्स में सीसीटीव्ही की क्रियाशील रूप में स्थापना सुनिश्चित करने के लिए सभी एसडीएमों को मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान रिपोर्ट में बताया गया 22 मेडिकल स्टोर्स की जांच औषधि प्रशासन विभाग द्वारा की गई थी, जिसमें 02 मेडिकल स्टोर्स में नियमों के उल्लंघन पर उनको कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर ने नियमानुसार संचालन ना करने वाले दुकानों का लाइसेंस निरस्त कर दुकानों को सील करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने नशामुक्ति केंद्र में काउंसलिंग एवं रिहैबिलिटेशन कार्य की जानकारी लेते हुए लोगों को नशे की लत से मुक्त कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों से भी परामर्श करने को कहा। उन्होंने आबकारी विभाग के अधिकारियों को सड़क किनारे ढाबों में मादक द्रव्यों के विक्रय पर रोक लगाने के लिए आकस्मिक कार्रवाई करने को कहा। इस अवसर पर एएसपी अनिल सोनी, एसडीएम ऋतुराज बिसेन, नंदजी पांडे सहित स्वास्थ्य विभाग, आबकारी विभाग, पुलिस विभाग, यातायात विभाग, राजस्व विभाग, परिवहन विभाग के अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

## बादलखोल अभयारण में प्रवेश द्वार से लेकर भीतर तक गन्दगी ही गंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत पर्यावरण और सफाई को अधिक महत्व दिया जा रहा है।परन्तु बादलखोल अभ्यारण्य विभाग नारायणपुर गेम कार्यालय परिसर की सफाई की ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं है। विभागीय अधिकारीयों की लाफ़रवाही के कारण इस परिसर की सफाई बराबर रहे इसकी उम्मीद करना यहां असंभव की बात है।

पर्यावरण को सुरक्षित बनाने का प्रयास करने वाले तथा जागरुकता पहुंचाने वाले इस कार्यालय परिसर में ही सफाई का नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस कार्यालय परिसर के मेन गेट पर ही इतनी गन्दगी है कि प्रवेश करने के पहले लोग सैकड़ो बार सोचने पर मजबूर हो जाते है।



इस परिसर में पुराना रेंज कार्यलय जो आज खण्डर और गंदगी में समाया हुआ है इस पर भी किसी का ध्यान नही है। न तो इसे हटाया जा रहा है और ही मरम्मत किया जा रहा है। सूत्रों की माने तो इस खण्डर नुमा पुराने रेंज कार्यलय की मरम्मत के लिए एलिफेंट रिजर्व सरगुजा कार्यलय से राशि भी रेंज कार्यालय को भेजी जा चुकी है परंतु रेंज और सर्किल के अधिकारियों की लाफ़रवाही के कारण आज पर्यन्त तक मरम्मत नही हो सकी है। बाउंड्रीवाल भी गंदगी से लबालब है घांस फूंस किनारे किनारे उग आए जिसे सफाई करना भी विभाग मुनासिब नही समझ रहा है। इस परिसर में कभी भी प्रतिदिन सफाई नही होता है।

### विशेष परिस्थितियों में दिखावे की, होती है सफाई

जब यंहा कोई जनप्रतिनिधि और उच्च अधिकारियों की आवाजाही के समय ही जगह विशेष पर सफाई होती है।अन्यथा गंदगी तो यहां की अमानत जैसी लगती है।

### नियमित रखरखाव करना चाहिए

स्थानीय जनताओं का कहना है कि विभाग स्वच्छता और रखरखाव के लिए आदमी की नियुक्ति कर रखी है। परन्तु काम नहीं हो रहा है। इस कार्यालय के परिसर में घांस फूंस के साथ कचरे के ढेर की कोई कमी नहीं है। कार्यालय परिसर में दिन में कम से कम एक बार तो सफाई होनी चाहिए।

## कांसाबेल की महिलाओं ने स्व-रोजगार की राह अपनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के तहत जिले की ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता की मिसाल गढ़ रही हैं। कांसाबेल विकासखंड के ग्राम सेम्हर कछार की हरियाली स्वसहायता समूह की 11 महिलाओं ने छिंद कासा से आकर्षक टोकरी और अन्य पारंपरिक हस्तशिल्प उत्पाद तैयार कर अपनी आजीविका को मजबूत किया है। समूह की सदस्य श्रीमती बालमुनि भगत ने बताया कि बिहान योजना से जुड़ने के बाद उन्हें स्वरोजगार का अवसर मिला। पहले महिलाएं केवल घरेलू कामकाज तक सीमित थीं, लेकिन अब वे सालाना लगभग 60 से 70 हजार रुपये तक की कमाई कर रही हैं। यह कार्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ आत्मविश्वास भी दे रहा है। महिलाओं ने बताया कि बिहान योजना ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। समूह के माध्यम से प्रशिक्षण, सहयोग और विपणन सुविधा मिलने से उनका उत्पाद अब स्थानीय हाट-बाजार और मेलों में लोकप्रिय हो चुका है। महिलाएं कहती हैं कि अब वे सिर्फ घर तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि अपनी पहचान खुद बना रही हैं।



## नवगुरुकुल के लिए 245 युवतियों ने दिया प्रवेश परीक्षा

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में संचालित नव गुरुकुल जशपुर के द्वारा बगीचा विकासखंड में प्रवेश परीक्षा आयोजित कराया गया, जिसमें 12वीं पास 245 युवतियां सम्मिलित रहीं। बगीचा बीईओ सुदर्शन पटेल ने बताया कि परीक्षा के प्रारंभ में सभी अभ्यर्थियों का पंजीयन कराया गया, पंजीयन के बाद सभी अभ्यर्थियों की परीक्षा आयोजित की गई ।

लाइवलीहुड कॉलेज जशपुर के परिसर में संचालित नव गुरुकुल संस्था की 05 सदस्यों की टीम यह परीक्षा लेने आई हुई थी। उक्त संस्था में 18 माह के दो कोर्स संचालित हो रहे है। जिसमें पहले कोर्स प्रोग्राम कोडिंग एवं दूसरे कोर्स बिजनेस मैनेजमेंट का संचालन किया जा रहा है।



ये दोनों कोर्स 18 महीने के हैं जिसमें छात्राओं को निःशुल्क छात्रावास, भोजन एवं पूरे समय साथ में रहने के लिए लैपटॉप की व्यवस्था संस्था द्वारा की जाती है। उस संस्था में प्रवेश के लिए चार चरण में परीक्षा आयोजित की जाती हैं। पहले चरण में कराकर प्रवेश दिया जाता है।

## वित्त मंत्री चौधरी की मौजूदगी में संपन्न हुआ कार्यक्रम

# कापू में तहसील कार्यालय, सांगुल नदी पर पुल का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ जिले के कापू में 71 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित तहसील कार्यालय भवन और 7.96 करोड़ की लागत से समनिया से पत्थलगांव खुर्द के बीच सांगुल नदी पर बने उच्चस्तरीय पुल का लोकार्पण किया। वित्त मंत्री श्री चौधरी यहां आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में भी शामिल हुए। सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया भी इस दौरान साथ रहे।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि नए तहसील ऑफिस भवन के बनने से कार्यालयीन कामकाज व्यवस्थित तरीके से हो सकेगा। क्षेत्रवासियों को इससे बड़ी सहूलियत होगी। समनिया पुल के बनने से अब बरसात के दिनों में आवागमन में राहत होगी। अंचल के करीब 20 हजार लोग लाभान्वित होंगे। इस दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय भवन में बाउंड्रीवाल निर्माण और 50 रूपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की। श्री चौधरी ने कहा कि रायगढ़ से धरमजयगढ़ और धरमजयगढ़ से कापू तक सड़क का निर्माण तेजी से पूरा करवाया गया है। जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा हो। हम सुदूर अंचल के विकास के लिए संकल्पित होकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कापू क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी जा रही है और बजट में भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि ससकोबा से पाराघाटी तक 2 करोड़ 72 लाख एवं सेमीपाली से क्रोन्धा तक 2 करोड़ 35 लाख की स्वीकृति दी गई है।



तहसील कार्यालय के बाउण्ड्रीवाल के लिए इस्टीमेट बनाकर देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी तरह परसदा में पहुंच मार्ग तक निर्माण कार्य को जल्द स्वीकृति की बात कही। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि हम प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

किसानों को धान का 31 सौ रूपए की दर से भुगतान, बकाया बोनस के 37 सौ करोड़ रूपये देने का काम किए। माताओं बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन से हर माह 1 हजार रूपए की राशि जारी कर रहे हैं। पीएम आवास के काम तेजी से पूरे करवाए जा रहे हैं, जिससे लोग अपने पक्के मकानों में रहने का सपना पूरा कर सकें। शाला प्रवेशोत्सव में वित्त मंत्री श्री चौधरी ने स्कूली बच्चों को किताब और गणवेश का वितरण करते हुए नवीन सत्र की शुभकामनाएं दी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बालक आश्रम में ...

अध्ययन कर रहा था। सहायक आयुक्त ने की पुष्टि- घटना की जानकारी मिलते ही सहायक आयुक्त संजय सिंह मंगलवार की सुबह बालक आश्रम पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने छात्र की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि इस मामले की जांच की जा रही है और आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिवार और गांव में शोक की लहर- अमृत साय की मौत की खबर सुनकर उसके परिजन और गांववाले स्तब्ध रह गए। झारमुंडा गांव में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने इस घटना को प्रशासनिक लापरवाही करार देते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ.एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार - हृदय रोग
दिनांक - 12 जुलाई, शनिवार
रॉंची (कॉंके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ. आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
दिनांक - 13 जुलाई, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो. 9713667433, 9617247433

online Booking:-www.tripuryatra.com

25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:- स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411